समाचार

विभिन्न वार्डो में सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की भूमि पर काबिज 4911 लोगों का हुआ सर्वे

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निर्देश पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बैठक लेकर एस.डी.एम. से ली जानकारी, छूटे हुए वार्डो में सर्वे कार्य पूर्ण करने को कहा)

(शासन की गाईड लाईन के अनुरूप कब्जाधारियों को पट्टे के संबंध में की जाएगी कार्यवाही)

कोरबा 20 मई 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न वार्डो में स्थित सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की भूमि पर काबिज 4911 लोगों के सर्वे का कार्य पूर्व में पूर्ण किया गया है, जिन्हें शासन की गाईड लाईन के तहत पट्टे देने की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्राप्त मार्गदर्शन के तहत आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बैठक लेकर एस.डी.एम.कोरबा श्री हरिशंकर पैकरा से सर्वे कार्य की वार्डवार जानकारी ली तथा शेष छूटे हुए वार्डो में भी सर्वे कार्य पूरा करने को कहा। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर व पालूराम साहू, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, राजस्व निरीक्षक खेलन प्रसाद सूर्यवंशी, पटवारी जोगेश्वर कंवर आदि उपस्थित थे।

यहॉ उल्लेखनीय है कि विगत 11 मई को कोरबा व टी.पी.नगर जोन के 16 वार्डो हेतु साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.पी.नगर में आयोजित वृहद समाधान शिविर के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल से आग्रह करते हुए सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की भूमि पर काबिज

लोगों का किए गए सर्वे कार्य के तहत पट्टा वितरण संबंधी कार्यवाही को आगे बढ़ाने हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया था, जिस पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने इस दिशा में त्वरित रूप से आगामी कार्यवाही किए जाने के निर्देश विभाग को दिए गए थे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने निर्देशित करते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी नीतियों के अनुरूप नागरिकों को उनके द्वारा काबिज स्थलों का पट्टा उन्हें दिया जाए तथा इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाए। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल से प्राप्त मार्गदर्शन के तहत आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में बैठक लेकर एस.डी.एम.कोरबा श्री हरिशंकर पैकरा से वार्डवार किए गए सर्वे की विस्तार से जानकारी ली तथा शेष छूटे हुए वार्डो में सर्वे कार्य पूरा करने को कहा। मीटिंग के दौरान एस.डी.एम. श्री हरिशंकर पैकरा ने बताया कि सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की जमीनों के कब्जाधारियों को पट्टे देने के संबंध में शासन की गाईड लाईन के अनुरूप नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इन वार्डो में 4911 लोगों का हुआ सर्वे— सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की जमीन पर काबिज लोगों का पूर्व में किए गए सर्वे के अनुसार वार्ड क. 09 भिलाईखुर्द में 384, वार्ड क. 09 रापाखर्रा में 128, वार्ड क. 14 के विभिन्न बस्तियों में 710, वार्ड क. 34 लालघाट पुराना रिसदा में 57, वार्ड क. 39 इंदिरानगर में 21, वार्ड क. 34 बेलगरी बस्ती फायर कालोनी में 77, वार्ड क. 41 परसाभांठा हनुमान मंदिर में 15, वार्ड क. 39 कैलाशनगर में 25, वार्ड क. 16 कोहड़िया में 531, वार्ड क. 15 ढोढ़ीपारा में 684, वार्ड क. 18 चेकपोस्ट एकतानगर में 22, वार्ड क. 17 मानसनगर में 329, वार्ड क. 33 नीलगिरी रामपुर के साथ उरांव मोहल्ला कोसाबाड़ी में 558, वार्ड क. 27 रामनगर में 94, वार्ड क. 30 मानिकपुर कदम्हाखार में 679, वार्ड क. 17 पथर्रीपारा में 597 कब्जाधारी पाए गए।

इन वार्डो का होना है सर्वे— पूर्व में किए गए सर्वे के दौरान वार्ड क. 26 मुड़ापार, वार्ड क. 12 चिमनीभट्ठा रेलवे कालोनी, वार्ड क. 25 कुआंभट्ठा सुभाष ब्लाक, वार्ड क. 33 रामपुर सिंचाई विभाग, वार्ड क. 27 रेलवे कालोनी एवं वार्ड क. 28 आर.पी.नगर में एस.ई.सी.एल. की रेलवे लाईन के समीप सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की भूमि पर काबिज व्यक्तियों का सर्वे नहीं हो पाया था। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने इन छूटे हुए वार्डो में भी सर्वे कार्य पूर्ण करने को कहा।